Date : / /
Page No.

भागीरथी बाल शिक्षा स० सै० स्कूल (कक्षा - IV)
विषय - हिंदी व्याकरण, पाठ - २ 'वर्ण विचार'

**वर्ण :-**
जिस ध्वनि के टुकड़े नहीं किए जा सकते, उसे 'वर्ण' कहते हैं।

**वर्णों के प्रकार :-**
हिंदी में वर्ण दो प्रकार के होते हैं - (i) स्वर (ii) व्यंजन। स्वर और व्यंजन के समूह को वर्णमाला कहते हैं। हिंदी की वर्णमाला में ग्यारह (11) स्वर हैं तथा व्यंजनों की संख्या तैंतीस (33) है। स्वरों का उच्चारण बिना किसी वर्ण की सहायता से किया जाता है। व्यंजनों का उच्चारण स्वरों की सहायता से किया जाता है।

**अयोगवाह :-** हिंदी की वर्णमाला में स्वरों के साथ अं (अनुस्वार), अँ (अनुनासिक) तथा अः (विसर्ग) का प्रयोग भी किया जाता है। ये वर्ण न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन। इन्हें 'अयोगवाह' कहा जाता है।

**अनुस्वार :-** (ं) - इसका उच्चारण नाक से किया जाता है; जैसे - कंगन, झंडा, बंदर आदि।

**अनुनासिक :-** (ँ) - इसे चंद्रबिंदु भी कहा जाता है। इसका उच्चारण मुँह और नाक से किया जाता है; जैसे - हँस, चाँद, आँख आदि।

**विसर्ग :-** (ः) - इसका उच्चारण 'अह' है। इसका प्रयोग संस्कृत के तत्सम शब्दों में किया जाता है; जैसे - अतः, प्रातः आदि।

**संयुक्त व्यंजन :-** हिंदी में चार संयुक्त व्यंजन हैं - क्ष, त्र, ज्ञ और श्र। ये दो भिन्न व्यंजनों को मिलाकर बनाए जाते हैं, इसलिए इन्हें 'संयुक्त व्यंजन' कहते हैं।

**उदाहरण** — क्ष - क् + ष = क्ष - कक्षा, त्र - त् + र = त्र - त्रिशूल, ज्ञ - ज् + ञ = ज्ञ - ज्ञान, श्र - श् + र = श्र - श्रम।

Scanned with CamScanner

## द्वित्व व्यंजन :-

हिंदी में दो समान व्यंजनों को भी मिलाकर लिखा जाता है। इनमें पहला व्यंजन स्वर रहित होता है तथा दूसरा स्वर सहित। इन्हें 'द्वित्व-व्यंजन' कहा जाता है।

उदाहरण —

त् + त = त्त - कुत्ता
ल् + ल = ल्ल - बिल्ली
क् + क = क्क - मक्का
च् + च = च्च - बच्चा

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए —

प्र०-1 वर्ण या अक्षर किसे कहते हैं ?
प्र०-2 वर्णों के प्रकार उदाहरण सहित लिखिए।
प्र०-3 संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं, यह कितने प्रकार के होते हैं ?
प्र०-4 कोई पाँच अनुस्वार तथा अनुनासिक शब्द लिखिए।

Scanned with CamScanner

## लिखकर बताइए (Writing Skills)

1. वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए (Make word with letters)–



स् + ऊ + र् + अ + ज् + अ – ..........सूरज..........

क् + ओ + य् + अ + ल् + अ– ....................

क् + इ + र् + अ + ण् + अ – ....................

2. (ँ) या (ं) का सही प्रयोग करके शब्द पूरे कीजिए [Complete the word with (ँ) or (ं)]–

बंदर चाद आख झडा गाव साप शख कघा

3. दिए गए व्यंजनों से एक-एक शब्द बनाइए (Make words with given consonant)–

ड – ......डिब्बा...... ड़ – .................... ढ – .................... ढ़ – ....................

4. सही मात्रा लगाकर शब्द पूरे कीजिए (Complete the word with correct phonetic sound)–




...गिलहरी...



डमर....



क...अ...



ग...य